दिनांकः 19.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेशभर में सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त–सबसे ज्यादा 80 अधिकारी जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में।
- राज्य में एक मार्च से अब तक 115 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के अवैध सामग्री ज़ब्त।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सेवा अधिकारियों से कुशल और स्मार्ट प्रशासन के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का किया आह्वान।
- ब्रज होली महोत्सव आज से डीग में शुरू–तीन दिन होंगी विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं।

..................

लोकसभा आम चुनाव में मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 19 अप्रेल तथा 26 अप्रेल को निर्धारित मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए कुल 804 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 80 और सीकर में 66 सहायक रिटर्निंग अधिकारी लगाए गए हैं।

..................

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख से 10 दिन पहले तक पूरक सूचियां अपडेट की जाएंगी। वोटर्स, मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन एप और बीएलओ एप का उपयोग कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य में दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 19 अप्रैल को और दूसरे चरण मे 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे।

..................

राज्य में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने 1 मार्च से अब तक 115 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के अवैध ड्रग्स, शऱाब, सोना और नगदी पकड़ी है। इनमें पुलिस, एक्साइज, नारकोटिक्स और आयकर विभाग की एजेंसियां शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इन एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा 18 करोड़ 70 लाख रुपए कीमत की जब्ती जोधपुर जिले में हुई है।

11 करोड़ 5 लाख रुपये के साथ जयपुर दूसरे और श्रीगंगानगर 9 करोड़ 95 लाख रुपये की जब्ती के साथ तीसरे स्थान पर है।

इस बीच, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए बनाए गये 'सी विजिल' एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के महज 48 घंटे में 266 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 111 सही पाई गयी शिकायतों का तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। 18 शिकायतें खारिज की गई, जबकि 6 शिकायतें निर्णय के लिए लमिबत हैं। शेष 135 शिकायतों को जिला नियंत्रण कक्ष की टीम ने अपने स्तर पर खारिज कर दिया है।

..................

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढाने और मतदाताओं को जागरुक करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जालौर में जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने ''चुनाव का पर्व देश का गर्व'' स्वीप पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी, स्वीप प्रभारी और जिला परिषद के सीईओ जवाहर चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सवाईमाधोपुर में स्वीप प्रकोष्ठ के जिला नोडल अधिकारी हरिराम

मीणा ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा स्वीप गतिविधियां चलाने के निर्देश दिये। झालावाड में जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वीप गतिविधियां में तेजी लाने को कहा।
उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय भाषा और क्षेत्र के आधार पर नारे, गीत और नुक्कड़ नाटक तैयार करने के आदेश दिये। हनुमानगढ़ के पीलीबंगा और भादरा में लोगों को नशा मुक्ति और मतदान की शपथ दिलाई गयी तथा चुनाव संबंधी विभिन्न एप्स की जानकारी दी गयी
जोधपुर के बालेसर में मतदाता जागरुकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं पीपाड़ ब्लॉक में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। अलवर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल मतदान जागरुकता अभियान संकल्प पत्र ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत एक वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके जरिये मतदाता लोकतंत्र के पर्व में ऑनलाइन शपथ ले सकते हैं।
भरतपुर की सुहारी ग्राम पंचायत में श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाई गयी। इसके साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। हमारे डूंगरपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से कल शहर के गेप सागर की पाल से फ्लैगमार्च निकाला गया।

..................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सेवा अधिकारियों से कुशल और स्मार्ट प्रशासन के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का आह्वान किया है। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई, ब्लॉकचेन और बिग डेटा एनालेटिक्स जैसी प्रौद्योगिकी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नए–नए विचारों और नई प्रौद्योगिकी के साथ समृद्ध और विविधतापूर्ण अनुभव प्रभावशाली परिवर्तन ला सकते हैं। श्रीमती मुर्मू ने कल राष्ट्रपति भवन में राज्य लोक सेवा अधिकारियों से यह बात कही। यह अधिकारी मैसूर की लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 125वें प्रवेश प्रशिक्षण प्रोग्राम कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

..................

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव लमछोंघोई स्वीटी चांगसन ने डेंगू से लडने के लिए बहु–क्षेत्रीय नियोजन पर जोर दिया है। श्रीमती चांगसन ने कल नई दिल्ली में आयोजित डेंगू सम्मेलन में कहा कि इस बीमारी के मामले चिंताजनक गति से बढ़ रहे हैं। देश में पिछले वर्ष डेंगू के तीन लाख मामले दर्ज किए गए और इससे 39 मरीजों की मृत्यु हुई। उन्होंने आग्रह किया कि सार्वजनिक सुरक्षा और शहर नियोजन के सभी हितधारकों को डेंगू के खतरे से निपटने के लिए आगे आना चाहिए। अतिरिक्त सचिव ने कहा कि तेजी से हो रहे शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन ने मच्छर जनित बीमारी के खिलाफ कार्रवाई में चुनौतियों को बढ़ा दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह सम्मेलन विचारों और अंतर्दृष्टि को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

..................

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र का 37वां स्थापना दिवस आज नई दिल्ली में मनाया जाएगा। तीन दिन के इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इनमें शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य, फूलों की होली, कार्यशालाएं और प्रदर्शनी शामिल हैं। कला केन्द्र की विभागाध्यक्ष ऋचा कंबोज ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन अक्कराई बहनों द्वारा वायलिन वादन और अयान अली बंगाश द्वारा सरोद वादन की प्रस्तुति होगी।

..................

डीग में आज से ब्रज होली महोत्सव शुरू हो रहा है। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले महोत्सव के दौरान मेहंदी, रंगोली और मूंछ प्रतियोगिताओं के साथ विभिन्न खेल स्पर्धाएं भी आयोजित की जाएंगी।

..................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये हमारे एक श्रोता का संदेश –

..................